भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5336
बुधवार, 5 अप्रैल, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

डॉपलर राडार की संस्थापना

†5336. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बेमौसम या असमय बारिश से होने वाले नुकसान को कम करने या इसे समाप्त करने के लिए देश में आम किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देने वाले डॉपलर राडार लगाने के प्रयास किए हैं;

(ख) यदि हां, तो देश में अब तक स्थापित किए जा चुके डॉपलर राडारों का ब्यौ रा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पिछले चार से पांच वर्षों में देश के किसी भाग में ऐसे राडार स्थापित किए हैं;

(घ) यदि हां, तो विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार लंबे समय से महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए एक्स-बैंड डॉपलर राडार की मांग कर रही है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है और कब तक इसे स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हां। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) मौसम पूर्वानुमान सेवाओं को सहायता करने के लिए पहले से ही एक सुस्थापित डॉपलर वेदर रडार (DWR) नेटवर्क का रखरखाव कर रहा है।

(ख) भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देशभर में 37 DWRs का नेटवर्क स्थापित किया है और इनका संचालन कर रहा है।

(ग)एवं (घ) वर्ष 2017 से अब तक देश के विभिन्न भागों में 13 DWRs स्थापित किये गये हैं, और इनका विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ङ) महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में औरंगाबाद में एक सी-बैंड रडार स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रयोजन के लिए, स्थापना हेतु साइट चयन की प्रक्रिया चल रही है।

अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों के दौरान स्थापित किए गए डॉपलर वेदर रडार की सूची

क्रम सं	*केन्द्र का नाम*	*DWR का प्रकार*	*आरंभ करने की तिथि*
1.	कोच्चि (केरल)	एस-बैंड	12.07.2017
2.	श्रीहरिकोटा (इसरो), आंध्र प्रदेश	एस-बैंड	अप्रैल 2018
3.	मुक्तेश्वर, उत्तराखण्ड	एक्स-बैण्ड	30.09.2020
4.	सोनमर्ग (लद्दाख) लेह (लद्दाख) में स्थानांतरित किया गया	ट्रांसपोर्टेबेल एक्स-बैण्ड	26.10.2020 28.10.2021 से लेह में स्थानांतरित किया गया
5.	कुफरी, (हिमाचल प्रदेश)	एक्स-बैण्ड	07.12.2020
6.	जम्मू, (जम्मू एवं कश्मीर)	एक्स-बैण्ड	24.08.2021
7.	आया नगर (दिल्ली)	एक्स-बैण्ड	09.10.2021
8.	चेन्नई एनआईओटी, (तमिलनाडु)	एक्स-बैण्ड	22.12.2021
9.	मुंबई वेरावली (महाराष्ट्र)	सी-बैण्ड	31.12.2021
10.	सुरकंडा देवी, (उत्तराखण्ड)	एक्स-बैण्ड	28.03.2022
11.	बनिहाल टॉप (जम्मू एवं कश्मीर)	एक्स-बैण्ड	01.09.2022
12.	जोट (हिमाचल प्रदेश)	एक्स-बैण्ड	31.12.2022
13.	मुरारी देवी (हिमाचल प्रदेश)	एक्स-बैण्ड	21.01.2023

*****